# आगरा-लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा 90 किमी लंबा लिंक एक्सप्रेसवे

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: आगरा-लखनऊ और गंगा एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ने के लिए राज्य में एक और लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। 90.83 किलोमीटर लंबे फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके निर्माण पर 7,488.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। छह लेन का प्रवेश नियंत्रित यह एक्सप्रेसवे इटावा के ताखा में स्थित कुदरैल गांव से शुरू होकर फर्रुखाबाद होते हुए हरदोई के सवाइजपुर तक जाएगा। जरूरत पड़ने पर इसे आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसके निर्माण के बाद मेरठ, प्रयागराज के रास्ते आने वाले लोगों के लिए आगरा और राजस्थान का सफर आसान होगा। साथ ही फर्रुखाबाद स्थित बाबा नीम करौरी धाम और विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं होगी।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा इसके निर्माण के लिए शाहजहांपुर की जलालाबाद तहसील की तीन ग्राम पंचायतों में एक हजार से ज्यादा किसानों की लगभग 125 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने 1,100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फर्रुखाबाद के लोगों ने गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान इस लिंक एक्सप्रेसवे की मांग की थी। ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक्सप्रेसवे के किनारे 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस लेन का भी निर्माण किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे पर चार दीर्घ सेतु, 25 लघु सेतु, दो रेलवे ओवर ब्रिज, एक फ्लाई ओवर व 65 अंडरपास बनाए जाएंगे।

लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण दो पैकेज में किया जाएगा। पहले पैकेज में इटावा के कुदरैल गांव से नीम करौरी धाम के पास स्थित गांव नदौरा तक 50 किलोमीटर का निर्माण होगा। दूसरे पैकेज में ग्राम नदौरा से गंगा एक्सप्रेसवे पर सवाइजपुर ग्राम हरदोई तक 40.83 किलोमीटर की लंबाई में निर्माण किया जाएगा। 120 मीटर चौड़े लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की लागत 6258.90 करोड़ रुपये आएगी।

**7488.74**
करोड़ रुपये होगी लागत
कैबिनेट ने दी मंजूरी

- इटावा के कुदरैल से शुरू होकर हरदोई के सवाइजपुर तक जाएगा
- फर्रुखाबाद सहित छह जिलों में व्यापार को प्रदान करेगा नई गति



### इन जिलों को मिलेगी रफ्तार

लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण पूरा होने के बाद इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद व शाहजहांपुर के लोगों को सर्वाधिक लाभ होगा। साथ ही जरदोजी के कार्य के लिए प्रसिद्ध फर्रुखाबाद और संबंधित जिलों के व्यापार को गति मिलेगी।

**यहां पर बनेगा इंटरचेंज :** इटावा में कुदरैल (आगरा-लखनऊ व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जंक्शन), मैनपुरी में सराय मांडू (अलीगंज-कानपुर जीटी रोड), फर्रुखाबाद में कान्हेपुर, दासपुर (नीम करौली मार्ग), बाबरपुर (फर्रुखाबाद-अलीगंज मार्ग) व गाजीपुर (सुलतानपुर-कुआरी रोड) के साथ हरदोई में तिमिरपुर (गंगा एक्सप्रेसवे) पर इंटरचेंज का निर्माण किया जाएगा।